# झांसी में बनेगा औद्योगिक गलियारा, दुनियाभर से आएंगे कामगार

**जासं, झांसी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झांसी-बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण इस क्षेत्र के परिवर्तन की बुनियाद रखेगा। औद्योगिक गलियारा बनेगा तो बुंदेलखंड की पलायन वाली पहचान बदलेगी। दुनिया के लोग यहां काम करने के लिए आएंगे। मंगलवार को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे योगी ने झांसी व चित्रकूट में दो हवाई अड्डे की घोषणा कर 15 साल पुराने सपने को भी उड़ान दे दी। मुख्यमंत्री ने यहां 2009 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में मेजर ध्यानचंद म्यूजियम का लोकार्पण किया। म्यूजियम परिसर में मेजर ध्यानचंद की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। 19 करोड़ रुपये की लागत से बने म्यूजियम में ध्यानचंद से जुड़ीं वस्तुओं, मेडल, कपड़े, हाकी, गेंद आदि का अवलोकन किया और उनके कटआउट के साथ फोटो खिंचवाई। ओलिंपियन, अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री का 16 मिनट का संबोधन पूरी तरह बुंदेलखंड की तस्वीर पर केंद्रित रहा। कहा कि बुंदेलखंड में डिफेंस कारिडोर के दो नोड स्थापित किए गए हैं। यह झांसी और चित्रकूट में आकर ले रहे हैं। उन्होंने झांसी-कानपुर हाईवे पर हवाई अड्डा बनाने की घोषणा की। योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर झांसी में 38 हजार एकड़ भूखंड पर झांसी-बुंदेलखंड विकास प्राधिकरण की बुनियाद रखी गई है, जो परिवर्तन की कहानी लिखेगा। जब यहां औद्योगिक गलियारा बनेगा तो बुंदेलखंड औद्योगिक हब बन जाएगा।

- **मेजर ध्यानचंद की जयंती पर बुंदेलखंड में दो हवाई अड्डे की घोषणा कर गए सीएम**
- **मेजर ध्यानचंद म्यूजियम का लोकार्पण किया, 25 फीट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण**

## एक से आम जन के लिए खुलेगा म्यूजियम

मेजर ध्यानचंद म्यूजियम को आम जन के लिए एक सितंबर से खोला जाएगा। म्यूजियम में प्रवेश के लिए छह से 12 वर्ष तक के बच्चों को 100 रुपये एवं इससे अधिक आयु के बच्चों और बड़ों को 150 रुपये का टिकट लेना होगा। विदेशी पर्यटकों के लिए यह शुल्क छह से 12 वर्ष तक 900 एवं इससे अधिक आयु के लिए 1,500 रुपये निर्धारित किया गया है। ध्यानचंद म्यूजियम देखने आए ध्यानचंद के पुत्र एवं अर्जुन अवार्डी अशोक कुमार ने प्रवेश शुल्क को अधिक बताया।